प्रदेश में वर्ष 2021-22 के ज़िलावार प्रतिव्यक्ति आय के आँकड़े हुए जारी

चर्चा में क्यों?

हाल ही में उत्तराखंड अर्थ एवं संख्या निदेशालय ने वर्ष 2021-22 के ज़िलावार प्रतिव्यक्ति आय के आँकड़े जारी किये हैं। इससे पूर्व गैरसैंण में विधानसभा बजट सत्र के दौरान राज्य सरकार ने सदन में आर्थिक सर्वेक्षण की रिपोर्ट पेश की थी।

प्रमुख बिंदु

- जारी आँकड़ों के अनुसार औद्योगिक नगरी बन चुके हरिद्वार, ऊधमसिंह नगर और देहरादून ज़िले प्रतिव्यक्ति आय के मामले में सबसे आगे हैं।
- हरिद्वार राज्य का सबसे अधिक प्रतिव्यक्ति आय वाला ज़िला बन चुका है, वहीं गढ़वाल मंडल का रुद्रप्रयाग ज़िले की प्रतिव्यक्ति आय राज्य के बाकी 12 ज़िलों में सबसे कम है।
- रिपोर्ट में प्रचलित भाव पर वर्ष 2022-23 की प्रतिव्यक्ति आय 2,33,000 रुपए वार्षिक होने का अनुमान लगाया गया। वर्ष 2021-22 में राज्य की प्रतिव्यक्ति 2,05,840 रुपए आँकी गई थी, लेकिन ज़िलावार प्रतिव्यक्ति आय के आँकड़े तैयार नहीं हो पाए थे। प्रचलित भाव पर देश की प्रति व्यक्ति आय 1,70,620 है।
- पिछले एक दशक में पहाड़ की तुलना में मैदानी ज़िलों में समृद्धि का ग्राफ तेजी से बढ़ा है। हरिद्वार जिले की सबसे अधिक 362688 रुपए प्रतिव्यक्ति आय का अनुमान है। दूसरे स्थान पर 269070 रुपए प्रतिव्यक्ति आय के साथ ऊधमसिंह नगर ज़िला है और तीसरे स्थान पर देहरादून है, जिसकी प्रतिव्यक्ति आय 235707 रुपए है।
- पर्वतीय ज़िलों में चमोली की सबसे अधिक 127330 रुपए प्रतिव्यक्ति आय है, जबकि रुद्रप्रयाग ज़िले की प्रतिव्यक्ति आय सबसे कम 93160 रुपए वार्षिक है। कुमाऊँ मंडल के बागेश्वर ज़िले की सबसे कम 98,755 रुपए प्रतिव्यक्ति आय है।

जिलावार प्रतिव्यक्ति आय (रुपए में)		
जनपद	**2011-12 (आधार वर्ष)**	**2021-22 (जारी वर्ष)**
उत्तरकाशी	49584	1,07281
चमोली	64,327	1,27,330
रुद्रप्रयाग	46,881	93,160
टिहरी	49,854	1,03,345
देहरादून	1,06,552	2,35,707
पौड़ी	50,476	1,08,640
हरिद्वार	1,76,845	3,62,688
पिथौरागढ़	52,413	18,678
बागेश्वर	46,457	98,755
अल्मोड़ा	55,640	1,00844
चंपावत	52,463	1,16,136
नैनीताल	94,142	1,90,627

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/district-wise-per-capita-income-figures-2021-22-released